AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि : 82 हजार छात्रों ने दी परीक्षा

### यूजी-पीजी संग बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

माई सिटी रिपोर्टर

**कुलपति ने हरदोई के कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की बुधवार को यूजी, पीजी की सेमेस्टर परीक्षा के आयोजन के साथ बीएड द्वितीय सेमेस्टर की भी परीक्षाएं शुरू हुईं जिसमें 82,537 छात्रों ने परीक्षा दी। लविवि के कुलपति व प्रॉक्टोरियल टीम ने दूसरे जिलों के परीक्षा केंद्रों का भी दौरा किया।

परीक्षा के लिए दोनों पालियों में कुल 82,988 छात्र पंजीकृत थे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डीएसडब्लू प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी और प्रॉक्टोरियल टीम के अन्य सदस्यों ने विभिन्न केंद्रों पर चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों में हरदोई के एससी बोस महाविद्यालय, जेपी वर्मा साइंस महाविद्यालय, दिव्य कृपाल महाविद्यालय और मैकूलाल महाविद्यालय शामिल रहा। कुलपति ने निरीक्षण वाले केंद्रों के सीसीटीवी की स्थिति, उपस्थिति पंजिका समेत अन्य प्रपत्रों की जांच की। वहीं लविवि में दो पालियों में पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की गई। बीएलआईएससी, एलएलएम, होम साइंस, बीपीएड और सोशियोलॉजी के लिए 3,598 छात्र पंजीकृत थे। इनमें से 2529 छात्रों ने परीक्षा दी।



हरदोई के दिव्य कृपाल महाविद्यालय में निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. आलोक राय। - संवाद

## स्नातक में प्रवेश के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन काउंसिलिंग कल से

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन काउंसिलिंग 16 से 18 सितंबर तक चलेगी। बुधवार रात को लविवि ने काउंसिलिंग शिड्यूल व प्रक्रिया जारी कर दी। विवि की वेबसाइट से छात्र इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन काउंसिलिंग में छात्रों को विकल्प भरने होंगे। काउंसिलिंग में उन्हीं अभ्यर्थियों को अनुमति है जिनका नाम और रैंक पूर्ण मेरिट लिस्ट में है। छात्रों को अपने लॉगइन का प्रयोग कर पंजीकरण करना होगा, वे ही काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। 700 रुपये पंजीकरण शुल्क है। विकल्प न मिलने पर छात्रों को 500 रुपये वापस कर दिए जाएंगे।

**पांच चरणों में होगी काउंसिलिंग**

काउंसिलिंग प्रक्रिया पांच चरण में होगी। पहला चरण पंजीकरण का होगा, दूसरा विकल्प भरने का होगा। छात्रों को सलाह है कि वे ज्यादा से ज्यादा विकल्प भरें व लॉक कर दें। तीसरा चरण सीट आवंटन का होगा। रैंक व विकल्प चुनने की वरीयता के आधार पर आवंटन किया जाएगा। रिपोर्टिंग के समय अभिलेख अगर सत्यापन में सही नहीं पाए गए तो प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। चौथे चरण में सीट की पुष्टि और अस्थायी आवंटन सह पुष्टि पत्र डाउनलोड करना होगा। पांचवें चरण में विवि व आवंटित कॉलेज में रिपोर्ट करना होगा।

HINDUSTAN PAGE 6

## एलयू कुलपति ने परीक्षा केंद्रों को देखा

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को हरदोई में संचालित परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया और व्यवस्थाएं परखीं। कुलपति के साथ मौजूद डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी और प्रॉक्टोरियल टीम के सदस्यों ने एलयू से संचालित कॉलेजों में चल रही परीक्षाओं को देखा। दूसरी सुविधाएं देखीं। सीसीटीवी का संचालन, उपस्थिति पंजिका और अन्य प्रपत्रों को भी देखा।

## पांच पाठ्यक्रमों का परिणाम वेबसाइट पर जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पांच पाठ्यक्रमों का परिणाम बुधवार को जारी किया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर स्पेशल बैक, बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स एवं बीकॉम तृतीय वर्ष बैक पेपर का परिणाम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम है।

## एमएलएम में प्रवेश के लिए 1801 ने दी परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को एलएलएम, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉरमेशन साइंस, होम साइंस, बीपीएड और समाजशास्त्र की प्रवेश परीक्षा हुई। पहली पाली में एलएलएम की परीक्षा विवि के केन्द्रों पर हुई। जिसमें 1801 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 703 ने परीक्षा छोड़ी। बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉरमेशन साइंस की परीक्षा में 108 अभ्यर्थी शामिल हुए।

## एलयूः स्नातक काउंसलिंग में पहला चरण 16 से 18 तक

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश काउंसलिंग 16 से 18 सितम्बर तक चलेगी। प्रवेश परीक्षा के छह पाठ्यक्रम एलएलबी पांच वर्षीय, बीकॉम एनईपी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड एवं बीवीए पाठ्यक्रम में मेरिट सूची के अभ्यर्थियों के लिए पहली काउंसलिंग कार्यक्रम विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है।

काउंसलिंग के लिए 700 रुपए पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। सीट आवंटन नहीं होने पर 500 रुपए वापस किए जाएंगे। 16 से 18 सितम्बर तक मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी आवेदन के समय दी गई लॉगिन आईडी से पंजीकरण करा सकेंगे।

**विषयों के देने होंगे विकल्प**

पंजीकृत अभ्यर्थियों को सबसे पहले विश्वविद्यालय-महाविद्यालय का चयन करना होगा। मेजर एक विषय में कम से कम तीन विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए), मेजर दो विषय में कम से कम तीन विकल्प एवं माइन विषय में कम से कम छह विकल्प में चयनित छात्रों को चुनना होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

### 700 से ज्यादा ने छोड़ी एलएलएम प्रवेश परीक्षा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में इस बार एलएलएम में भी 2504 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन बुधवार को सुबह की पाली में हुई प्रवेश परीक्षा में 1801 अभ्यर्थी ही पहुंचे। 703 अनुपस्थित रहे। वहीं, बीएलआइएससी प्रवेश परीक्षा में 130 में से 108 शामिल हुए। शाम की पाली में होम साइंस, बीपीएड और सोशियोलाजी की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 934 के सापेक्ष 420 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। (जासं)

### स्नातक पांच कोर्स के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक के पांच कोर्सों में विभिन्न विषयों के परिणाम जारी कर दिए। इनमें बीएससी स्पेशल बैक पेपर पांचवें सेमेस्टर, एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर, बीकाम चौथे, प्रथम सेमेस्टर के साथ बीकाम बैक पेपर तृतीय वर्ष के परिणाम शामिल हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से परिणाम देख सकते हैं। (जासं)

### बीएड, यूजी, पीजी द्वितीय सेमेस्टर में 83 हजार शामिल

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक, परास्नातक के साथ-साथ 47 केंद्रों पर बुधवार को बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं की भी शुरुआत हो गई। दो पालियों में हुई इन परीक्षाओं में 82,988 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, 451 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो. आलोक राय ने प्रो. पूनम टंडन, प्रो. राकेश द्विवेदी व टीम के साथ हरदोई के टीम ने एससी बोस, जेपी वर्मा साइंस, दिव्य कृपाल और मैकूलाल महाविद्यालय का निरीक्षण किया। (जासं)

### लवि : प्रयोगात्मक कार्य की परीक्षा 20 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए प्रयोजनमूलक हिंदी द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक कार्य की परीक्षा 20 सितंबर को दोपहर 12 जे से होगी। विद्यार्थियों को फाइल लेकर समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। वहीं, बीएससी बाटनी द्वितीय सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षा 19, 20 व 21 सितंबर को लवि में होगी। (जासं)

### लविवि : कई पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न स्नातक व पीजी पाठ्यक्रमों के दिसंबर व जून के नियमित और बैक पेपर परीक्षाओं का रिजल्ट जारी किया है। छात्र लविवि की वेबसाइट से अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इनमें बीएससी पांचवां सेमेस्टर स्पेशल बैक, एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर, बीकॉम प्रथम व चौथा सेमेस्टर और बीकॉम तीसरे वर्ष के बैक पेपर का रिजल्ट शामिल है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 5

### बीएससी स्पेशल बीपी का रिजल्ट जारी

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू ने बुधवार को बीएससी पांचवे सेमेस्टर, एमएससी फिजिक्स पहले सेमेस्टर, बीकॉम चौथे और पहले सेमेस्टर और बीकॉम थर्ड ईयर दिसंबर 2021 और जून 2022 रेगुलर व बैकपेपर का रिजल्ट जारी किया है। वेबसाइट पर नतीजे जारी किए गए हैं।

THE PIONEER PAGE 3

**POETRY COMPETITION**

On the occasion of Hindi Diwas a 'poetry competition' was organised in the business administration department of Lucknow University to promote holistic learning among business administration students. It exposed the students to key managerial functions like planning, organising, coordination, budgeting and communication. Faculty members of the university were present in the programme which received warm response from the students. Divyanshu Mishra of the management department stood first and Utkarsh Vajpayee of arts came second in the competition. All participants were given certificates.

## लवि : स्नातक में प्रवेश की आनलाइन काउंसलिंग कल से

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2022-23 के स्नातक दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रक्रिया के तहत आनलाइन काउंसिलिंग की शुरुआत 16 सितंबर से करेगा। 18 सितंबर तक अभ्यर्थियों को विकल्प भरने (च्वाइस फिलिंग) का मौका मिलेगा। इस प्रक्रिया में उन्हीं अभ्यर्थियों को अनुमति दी जाएगी, जिनका नाम व रैंक कंप्लीट मेरिट सूची में शामिल होगा। बुधवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने देर शाम इसके विस्तृत निर्देश जारी किए।

लवि केंद्रीयकृत प्रक्रिया के अंतर्गत दाखिले करेगा। विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल में करीब 4450 सीटें हैं। वहीं, केंद्रीयकृत प्रक्रिया में इस बार 80 से ज्यादा कालेज जुड़ गए हैं। इन सभी में काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र आवंटित किए जाएंगे।

**पंजीकरण के लिए जमा होगा 700 रुपये शुल्क :** प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, काउंसिलिंग में सबसे पहले अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लागइन का प्रयोग करके पंजीकरण करना होगा। केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे। पंजीकरण शुल्क 700 रुपये आनलाइन जमा करने होंगे। इसमें 500 रुपये कोई विकल्प न मिलने पर वापस कर दिए जाएंगे।

**सीट आवंटन के बाद जमा करनी होगी फीस :** आनलाइन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने होंगे। अभ्यर्थी जितनी बार चाहें अपना विकल्प बदल सकते हैं। विकल्प लाक करने के बाद कोई बदलाव नहीं हो सकेगा। विकल्प भरने की प्रक्रिया के बाद सीट आवंटन किया जाएगा, जो कि अभ्यर्थी की पूरी मेरिट एवं दिए गए विकल्प पर आधारित होगा। सीट आवंटन के बाद आनलाइन मोड से ही सीट कंफर्म करके फीस जमा करनी होगी।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- पहले चरण में पंजीकरण कराना होगा
- दूसरे चरण में काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के अनुसार विकल्प भरना होगा
- मेजर-1 विषय में कम से कम तीन विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए)
- मेजर 2 विषय में कम से कम तीन विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए)
- माइनर विषय में कम से कम छह विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए)
- नियमानुसार अभ्यर्थी जितने चाहे उतने विकल्प दे सकते हैं।

- ज्यादा से ज्यादा विकल्प भरकर लाक करने की सलाह दी गई है।
- तीसरे चरण में रैंक के साथ-साथ, विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से विकल्प के आधार पर सीट आवंटन किया जाएगा।
- चौथे चरण में सीट की पुष्टि और अस्थायी आवंटन सह पुष्टि पत्र डाउनलोड करना होगा।
- पांचवें चरण में विश्वविद्यालय/आवंटित कालेज में रिपोर्ट करें।

**परीक्षाओं के केंद्र तय**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीकाम द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण कर दिया। राजधानी में आठ केंद्रों पर 18 कालेजों की परीक्षाएं होंगी। विद्यार्थी वेबसाइट पर अपना केंद्र देख सकते हैं। बीकाम आनर्स द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैंपस, श्री जय नारायण मिश्र डिग्री कालेज, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, रामा डिग्री कालेज चिनहट, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरा नगर, अर्जुनगंज विद्यामंदिर, कैरियर कांवेंट गर्ल्स डिग्री कालेज विकास नगर, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज फैजाबाद रोड को केंद्र बनाया गया है। परीक्षाएं 16 से 27 सितंबर तक सुबह नौ से 12 बजे तक होंगी।

i-NEXT PAGE 5

## एलयूः ऑनलाइन काउंसलिंग कल से

**16 से 18 सितंबर तक मिलेगा विकल्प भरने का मौका**

CONCEPT PIC

**LUCKNOW (14 Sept) :** लखनऊ विश्वविद्यालय शैक्षिक सत्र 2022-23 के स्नातक दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रक्रिया के तहत आनलाइन काउंसिलिंग की शुरुआत 16 सितंबर से करेगा. 18 सितंबर तक अभ्यर्थियों को विकल्प भरने (च्वाइस फिलिंग) का मौका मिलेगा. इस प्रक्रिया में उन्हीं अभ्यर्थियों को अनुमति दी जाएगी, जिनका नाम व रैंक कंप्लीट मेरिट सूची में शामिल होगा. बुधवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने देर शाम इसके विस्तृत निर्देश जारी किए. एलयू केंद्रीयकृत प्रक्रिया के अंतर्गत दाखिले करेगा. विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल में करीब 4450 सीटें हैं. वहीं, केंद्रीयकृत प्रक्रिया में इस बार 80 से ज्यादा कालेज जुड़ गए हैं. इन सभी में काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र आवंटित किए जाएंगे. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, काउंसिलिंग में सबसे पहले अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लागइन का प्रयोग करके पंजीकरण करना होगा. केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे.

**सीट आवंटन के बाद जमा करनी होगी फीस**

आनलाइन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने होंगे. अभ्यर्थी जितनी बार चाहें अपना विकल्प बदल सकते हैं. विकल्प लाक करने के बाद कोई बदलाव नही हो सकेगा. विकल्प भरने की प्रक्रिया के बाद सीट आवंटन किया जाएगा, जो कि अभ्यर्थी की पूरी मेरिट एवं दिए गए विकल्प पर आधारित होगा. सीट आवंटन के बाद आनलाइन मोड से ही सीट कंफर्म करके फीस जमा करनी होगी.

**इन बातों का रखें ध्यान**

- पहले चरण में पंजीकरण कराना होगा
- दूसरे चरण में काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के अनुसार विकल्प भरना होगा
- मेजर-1 विषय में कम से कम तीन विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए)
- मेजर 2 विषय में कम से कम तीन विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए)
- माइनर विषय में कम से कम छह विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिए)
- नियमानुसार अभ्यर्थी जितने चाहे उतने विकल्प दे सकते हैं.
- अभ्यर्थियों को ज्यादा से ज्यादा विकल्प भरकर लाक करने की सलाह दी गई है.
- तीसरे चरण में रैंक के साथ-साथ, विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से विकल्प के आधार पर सीट आवंटन किया जाएगा.
- चौथे चरण में सीट की पुष्टि और अस्थायी आवंटन सह पुष्टि पत्र डाउनलोड करना होगा.
- पांचवें चरण में विश्वविद्यालय/आवंटित कालेज में रिपोर्ट करना होगा.

## बीकॉम आनर्स सेकंड सेमेस्टर एग्जाम केंद्र तय

**LUCKNOW :** एएलयू ने बुधवार को बीकॉम सेकंड सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण कर दिया. राजधानी में आठ केंद्रों पर 18 कॉलेजों के स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे. केंद्रों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीकॉम आनर्स सेकंड सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए एलयू ओल्ड कैंपस, केकेसी, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज चिनहट, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज इंदिरा नगर आदि सेंटर बनाए गए हैं.

PIONEER PAGE 3

### लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक की काउंसलिंग कल से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित कोर्सों में दाखिले को लेकर काउंसलिंग की प्रक्रिया 16 सितंबर से शुरू होगी। 18 सितंबर तक चलने वाली ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों को च्वाइस फीलिंग देनी होगी। काउंसलिंग में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिनके नाम कंप्लीट मेरिट लिस्ट में शामिल होंगे। विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो पंकज माथुर ने बताया कि काउंसलिंग में सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लॉगिन का प्रयोग करके पंजीकरण करना होगा। केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे। रजिस्ट्रेशन शुल्क 700 रुपए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन जमा करने होंगे। जिसमें से सीट आवंटन न होने की स्थिति में 500 रुपए वापस कर दिये जायेंगे। पंजीकरण के उपरांत अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने होंगे। अभ्यर्थी जितनी बार चाहे अपना विकल्प बदल सकते हैं, परन्तु विकल्प लाक करने के बाद कोई बदलाव न हो पाएगा।

TOI PAGE 3

## LU online counselling for admissions from Sept 16

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Lucknow University will conduct online counselling for admission into its undergraduate courses from September 16 to 18.

Candidates who have qualified the entrance test will be able to lock their seats based on their merit list.

"Results of LLB (Integrated 5 Years), BCom (NEP), BJMC BSc (Agriculture) and BEEld-BVA courses have been uploaded on the university's website while the same of remaining UG courses will be declared shortly," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said a candidate has to register using the login and password mentioned in the admission form. Only registered candidates will be able to participate in the counseling process. A registration fee of Rs 700 has to be submitted online, though Rs 500 will be refunded if a student doesn't get his desired subject or college, he added.

One can fill as many options as one wishes from available options, following which seats will be allotted on the basis of choices. Candidates, who will be allotted seats, will have to download provisional allotment-cum-confirmation letter after paying course fees report to the institution concerned.

AMRIT VICHAR PAGE 6

## स्नातक प्रवेश के लिए कल से शुरू होगी काउंसलिंग

### चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया के उपरांत आवंटित होगी सीट, सीट आवंटन के बाद ऑनलाइन मोड से ही चयनित छात्र को जमा करनी होगी फीस

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए 16 सितंबर से काउंसलिंग शुरू हो जायेगी। जो कि 18 सितंबर तक चलेगी। इसमें अभ्यर्थियों को विकल्प भरने का मौका दिया जायेगा। काउंसलिंग में उन्हीं अभ्यर्थियों को अनुमति है जिनका नाम और रैंक कम्पलीट मेरिट लिस्ट में है। काउंसलिंग में सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लॉगिन का प्रयोग करके पंजीकरण करना होगा। केवल पंजीकृत अभ्यर्थी ही काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेंगे।

इसके साथ ही पंजीकरण शुल्क 700 रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे। जिसमें कोई विकल्प न मिलने पर 500 रुपये वापस कर दिए जाएंगे। पंजीकरण के उपरांत अभ्यर्थी को अपने विकल्प प्राथमिकता के आधार पर देने होंगे। अभ्यर्थी जितनी बार चाहे अपना विकल्प बदल सकते हैं, लेकिन विकल्प लॉक होने के बाद कोई बदलाव नहीं हो पाएगा। अधिकारियों ने बताया कि चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया के उपरांत सीट का आवंटन किया जाएगा जो कि अभ्यर्थी की कम्पलीट मेरिट में दी गई विकल्प पर आधारित होगा। सीट आवंटन के बाद ऑनलाइन मोड से ही चयनित छात्र को फीस जमा करनी होगी।

**निर्धारित तिथि में जमा करना होगा शुल्क** - सीट की पुष्टि और अस्थायी आवंटन सह पुष्टि पत्र डाउनलोड करना होगा। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई है, उन्हें दिए गए शुल्क की शेष राशि का भुगतान, इसके लिए निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व करने के पश्चात लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से अनंतिम आवंटन सह पुष्टि पत्र डाउनलोड करना होगा। अभ्यर्थी को सभी मूल अभिलेखों के साथ अन्तिम आवंटन पत्र सहपत्र के साथ आवंटन की अन्तिम आवंटन पत्र में दी गयी तिथि से सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/आवंटित कालेज के प्रधानाचार्य के कार्यालय में रिपोर्ट करना होगा।

**इस तरह भर सकेंगे विकल्प**

- विश्वविद्यालय या महाविद्यालय
- मेजर 1 विषय में कम से कम 3 विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिये)
- मेजर 2 विषय में कम से कम 3 विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिये)
- माइनर विषय में कम से कम 6 विकल्प (बीए एवं बीएससी के लिये)

**इस तरह होगा चयन**

आवंटन अभ्यर्थी की रैंक के साथ-साथ, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, जो उन्होंने विकल्प (च्वाइस) भरने के दौरान वरीयता क्रम में चुना है, के अनुसार किया जायेगा। सभी आवंटन अनंतिम होंगे और विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय प्रस्तुत किये गये अभिलेखों के सत्यापन के अधीन होंगे। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख सही नहीं पाए जायेंगे उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

**परीक्षा केन्द्रों का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने परीक्षा केन्द्रों का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी और प्रॉक्टोरियल टीम के अन्य सदस्यों के साथ वर्तमान में विभिन्न केंद्रों पर चल रहे परीक्षा और केंद्र की अन्य सुविधाओं के जांच के लिए हरदोई जिले में स्थित एससी बोस महाविद्यालय, तेरवा, गौसगंज, जे पी वर्मा साइंस महाविद्यालय, गौसमं, दिव्य कृपाल महाविद्यालय, गोसवा, मल्लावां और मैकूलाल महाविद्यालय, संपकेडा, बिलग्राम, हरदोई का निरीक्षण किया।

**अवध में 19 और नवयुग में 20 से कक्षाएं**

**लखनऊ।** कालीचरण और नेशनल कॉलेज की तरह नवयुग डिग्री कॉलेज में 20 सितम्बर से स्नातक कक्षाएं शुरू होंगी। 20 से बीकॉम और 26 सितम्बर से बीएससी की कक्षाएं शुरू होंगी। वहीं अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में 19 सितम्बर से स्नातक की कक्षाएं प्रस्तावित की गई हैं। आईटी कॉलेज में प्रवेश परीक्षा और परिणाम जारी होने के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है और 27 सितम्बर से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू होंगी। केकेवी कॉलेज में भी 27 सितम्बर और केकेसी कॉलेज में सितम्बर अन्तिम सप्ताह से प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं प्रस्तावित हैं।

**नेशनल कॉलेज में बीजेएमसी की सीटें भरीं**

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज में बुधवार को लुआक्टमैट 2022 के अन्तर्गत प्राइवेट कॉलेजों में बीकॉम आनर्स की काउंसलिंग के बाद बीजेएमसी सीटों के लिए काउंसलिंग शुरू हुई। काउंसलिंग के पहले ही नेशनल कॉलेज में बीजेएमसी की सभी सीटें भर गईं। इसके बाद अन्य लुआक्टमैट में शामिल अन्य कॉलेजों में प्रवेश दिया गया।

कॉलेज प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को बीबीए, बीबीएएमएस एवं बीबीए टूरिज्म की काउंसलिंग सुबह दस बजे से होगी। इसमें नेशनल कॉलेज के अलावा दस अन्य कॉलेजों की 1020 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे।

**केकेसीः रेगुलर सीटें फुल सेल्फ फाइनेंस मेरिट जारी**

**लखनऊ।** केकेसी कॉलेज में रेगुलर की सभी सीटों पर प्रवेश ले लिए गए हैं। बीकॉम, बीए, बीएससी बायो, कम्प्यूटर साइंस की सभी सीटें फुल हो गई हैं। सिर्फ बीएससी गणित और स्टैटिस्टिक्स की कुछ सीटों पर प्रवेश शेष हैं। इसके साथ ही सेल्फ फाइनेंस सीटों के लिए मेरिट सूची जारी कर दी गई है।

प्राचार्य डॉ. मीता साह ने बताया कि सेल्फ फाइनेंस की पहली मेरिट सूची में बीए के लिए 59.60 प्रतिशत एवं बीकॉम के लिए 60.20 प्रतिशत कटऑफ जारी किया गया है। कॉलेज की वेबसाइट पर चयनित अभ्यर्थी अपना नाम देख सकते हैं। 15 सितम्बर से सेल्फ फाइनेंस की मेरिट सूची पर प्रवेश लिए जाएंगे। छात्र समय का विशेष ध्यान रखें, देरी होने पर वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।